नईदुनिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पल्स पोलियो अभियान एवं 'सुमन पंचायत' का करेंगे शुभारंभ

- **स्टेट एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस 2.0 एक्शन प्लान करेंगे लॉंच**
- **एचपीवी टीकाकरण अभियान एवं स्वस्थ यकृत मिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को करेंगे सम्मानित**

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 28 जून को आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की जनस्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एवं जनभागीदारी आधारित अभिनव पहल 'सुमन पंचायत' का शुभारंभ करेंगे। साथ ही वे स्टेट एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) एक्शन प्लान 2.0 का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एचपीवी टीकाकरण अभियान एवं स्वस्थ यकृत मिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में 'स्वस्थ मध्यप्रदेश , समृद्ध मध्यप्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में सतत एवं सशक्त प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य केवल उपचार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि जनभागीदारी, जागरूकता और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाकर एक स्वस्थ मध्यप्रदेश का निर्माण करना है।

मुख्यमंत्री ने एमएसएमई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

नवाचार और स्टार्टअप को मिला मंच

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10वें अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत विकसित औद्योगिक परिवेश का संदेश देती प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्टअप्स की नवाचार क्षमता, विनिर्माण कौशल तथा तकनीकी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर उद्यमियों से संवाद किया और उनके उत्पादों की जानकारी लेते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शनी में 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें ड्रोन निर्माण, आईओटी आधारित फिजियोथेरेपी उपकरण, सोलर वाटर हीटर, रेलवे एवं रक्षा क्षेत्र के उत्पाद, पेटेंटयुक्त इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन, ईवी चार्जिंग समाधान, कृषि अवशेष से बने उत्पाद तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के नवाचार प्रदर्शित किए गए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बाजार से नामक एआई आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ भी किया। यह मंच ग्राहकों और व्यवसायों को जोड़ने वाला देश का पहला एआई-संचालित बाजार बनने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। उन्होंने बांसकारी स्टॉल पर भी विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों का अवलोकन किया।

प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश के सात जिलों के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) उत्पादों के लिए विशेष पवेलियन बनाया गया। साथ ही उद्यमियों की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस फैसिलिटेशन डेस्क भी स्थापित किए गए। जेम, बीआईएस, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर और पीएफआरडीए सहित कई संस्थानों ने भी प्रदर्शनी में सहभागिता कर उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं और अवसरों की जानकारी दी।

सरकार बनने के बाद सभी अधिकारी स्वयं को संघ का बताते हैं : विजयवर्गीय

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल में आयोजित शालिग्राम तोमर स्मृति कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि संगठन में अब लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद अनेक अधिकारी स्वयं को संघ से जुड़ा बताने लगे हैं। उनके अनुसार कई अधिकारी उनसे मिलकर कहते हैं कि उन्होंने भी संघ की शाखा में भाग लिया है या उनके परिवार के सदस्य संघ से जुड़े रहे हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि संगठन का विस्तार होना सकारात्मक है, लेकिन इसके साथ अच्छे और संस्कारित लोगों की संख्या भी बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विचारधारा के अनुरूप अच्छे लोग नहीं होंगे तो संगठन की मूल भावना प्रभावित हो सकती है। इसलिए इस विषय पर गंभीर चिंतन और मनन की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों के दावों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद अनेक लोग स्वयं को संघ से जुड़ा हुआ बताने लगे हैं। मंत्री का यह बयान कार्यक्रम के बाद सामाजिक माध्यमों पर तेजी से प्रसारित हुआ, जिसके बाद राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में इस पर चर्चा शुरू हो गई है।

पीड़िता को शपथपत्र के बाद ही मिलेगी आर्थिक सहायता : उच्च न्यायालय

- **शर्तों का उल्लंघन होने पर राशि की वसूली और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश**

नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम से जुड़े दुष्कर्म प्रकरणों में आर्थिक सहायता के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कहा है कि शासकीय आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पीड़िता को शपथपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह उल्लेख होगा कि वह अपने बयान से नहीं मुकरेंगी और आरोपी से किसी प्रकार का समझौता नहीं करेंगी।

यह आदेश वर्ष 2022 के एक दुष्कर्म प्रकरण की सुनवाई के दौरान दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसे निर्धारित सहायता राशि का केवल 75 हजार रुपये ही प्राप्त हुआ है। न्यायालय ने कहा कि नियमों के अनुसार शेष सहायता राशि देने से पहले पीड़िता को 15 दिनों के भीतर शपथपत्र प्रस्तुत करना होगा।

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शपथपत्र देने के बाद पीड़िता अपने बयान से मुकरती है, समझौता करती है अथवा न्यायालय में प्रतिकूल गवाही देती है, तो उसके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएगा तथा दी गई आर्थिक सहायता की राशि भी वापस ली जाएगी।

न्यायालय ने माना कि पूर्व में ऐसे कई मामलों में सहायता राशि मिलने के बाद पीड़िताएं अपने बयान बदल चुकी हैं, जिससे सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हुआ। इसी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया गया है।

नट बाबा शिव मंदिर में 9.32 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने शनिवार को नर्मदापुरम रोड स्थित नट बाबा शिव मंदिर परिसर में 9.32 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्री वॉल और वैष्णो भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित तथा सुविधायुक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

राज्यमंत्री ने कहा कि मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के प्रतीक भी हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों की सामुदायिक भवन की मांग को भी शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड-53 के पार्षद प्रताप वारे, जितेंद्र शुक्ला, शीला पाटीदार, किशोर पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उज्जैन पुलिस प्रशिक्षण शाला में नव आरक्षकों को दिलाई शपथ

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन : विश्व मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस की पुलिस प्रशिक्षण शाला, उज्जैन में नव आरक्षकों के लिए विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षु आरक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और नशामुक्त समाज निर्माण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को मजबूत करना था।

कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा पाठक सोनी ने किया। उन्होंने कहा कि नशे से दूरी ही समाज और युवाओं की सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने पुलिस की सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने का आह्वान किया।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), इंदौर के निरीक्षक गौरव जायसवाल ने मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, अवैध तस्करी के तौर-तरीकों और इससे जुड़े सामाजिक, आर्थिक तथा कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। प्रतिभागियों को नशे से संबंधित सूचना देने के लिए संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन 1933 के बारे में भी बताया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी नव आरक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। उन्होंने स्वयं नशीले पदार्थों से दूर रहने, युवाओं को जागरूक करने तथा नशामुक्त और सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

Affiliated to CBSE

CBSE Affi. No. - 1030500

A Temple of Modern Education

SANSKAR ACADEMY PACHORE

School Building

New Hostel Building with Aircooled Facility

Swimming Pool

ROBOTICS LAB

ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12th
Maths, Bio, Comm, Art & Phy.Edu.

संस्कार एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया पचोर नगर को गौरवान्वित

CLASS-X & XII CBSE RESULT (2025-26)
SHINING STARS

आवासीय विद्यालय
Day Scholar, Boarding & Day Boarding School


91%
RISHIKA DUBEY
COMMERCE
SCHOOL TOPPER

90.2%
AABHA PATIDAR
MATHS
CITY TOPPER
MATHS STREAM



94%
HARSHIT BISWAS
BOARDING

90%
RISHABH RATHORE



सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित - डिजिटल क्लास रूम, मॉडर्न लैब, स्वीमिंग पूल, जिम, क्रिकेट पिच, कबड्डी मैट, इंडोर, आउटडोर खेल सुविधाऐं आदि।

सी.बी.एस.ई. की पूर्व संयुक्त निर्देशिका श्रीमति मोनिका कपूर के मार्गदर्शन में कक्षा प्रबंधन, नवीन शिक्षा नीति पर शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

हमने जो कहा है, वह किया है।
हम जो कह रहे है, वह हम करेंगे।

निवेदनः- अपने नौनिहालों को किसी भी विद्यालय में प्रवेश दिलाने से पूर्व एक बार संस्कार एकेडमी अवश्य पधारें।

Sanskar Academy, In Front of Railway Station A.B. Road, Pachore Distt.Rajgarh(M.P.)
www.sanskaracademy.org.in, Email- sanskaracademypachore@gmail.com
Mobile:- 8770811161,8878631940,7000704542,6263245106

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com